सितम्बर से नटेसर रेलखंड पर दौड़ेगी ट्रेन

हिलसा | **निज संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पसंदीदा योजनाओं में शुमार इस्लामपुर-नटेसर रेललाइन पर सितम्बर से ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। इसकी प्रबल संभावना है। तकरीबन 25 किमी दूरी वाले इस रेलखंड पर जल्द से जल्द ट्रेन दौड़ाने के लिए रेलवे अधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इस्लामपुर से नटेसर के बीच रेललाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है। इसका इस्लामपुर स्टेशन से कनेक्शन का काम भी अंतिम चरण में है। यह काम रविवार तक पूरा कर लिया जाएगा।

इस्लामपुर-नेटसर के बीच मालगाड़ी से रेललाइन पर गिट्टी गिराने का काम किया जा चुका है। सभी प्रारंभिक कार्य पूरा कर लेने के बाद अधिकारियों के अनुरोध पर रेलखंड का मुख्य संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में अगर सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो सीआरएस की अनुमति से इस्लामपुर-नटेसर के बीच ट्रेन चलायी जाने लगेगी।

राजधान पटना से सीधे जुड़ेंगे नवादा के लोग : तत्कालीन रेल राज्यमंत्री मनोज कुमार द्वारा नवादा के लोगों को दिया गया भरोसा जल्द ही पूरा होने वाला है। अब नवादा के लोग राज्य की राजधानी पटना की सफर सीधे कर सकेंगे। तत्कालीन रेल राज्यमंत्री ने कहा था कि नवादा के लोगों को राज्य की पटना के लिए सीधी ट्रेन सेवा तब दी जाएगी जब नटेसर रेललाइन चालू हो जाएगी। नवादा से एक सवारी गाड़ी अहले सुबह खुलेगी जो नटेसर होते हुए पटना व बिहटा तक जाएगी। यह ट्रेन दिन में एक बार नवादा और बिहटा के बीच आवाजाही करेगी।

राहत

- इस्लामपुर स्टेशन से नटेसर रेललाइन का हुआ कनेक्शन
- अंतिम चरण में तैयारी, कभी भी हो सकता है निरीक्षण

इस्लामपुर स्टेशन पर विस्तारीकरण के लिए एनआई (नन-इंटर लॉकिंग) तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटर लॉकिंग का काम अंतिम चरण में है। इस्लामपुर स्टेशन पर बनी चौथी लाइन को भी एक-दूसरी लाइन से कनेक्टिंग का काम किया जा रहा है। चारों लाइन का सम्पर्क हिलसा के अलावा नेटसर से आने वाली लाइन से किया जाएगा।

-अजय कुमार
टेक्निकल इंजीनियर, हिलसा।

इस्लामपुर स्टेशन पर शनिवार को रेललाइन दुरुस्त करते मजदूर। ● हिन्दुस्तान

हाईटेक हुआ इस्लामपुर स्टेशन, लग गया एलसीडी स्क्रीन

हिलसा | **निज संवाददाता**

फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड का इस्लामपुर पहला स्टेशन है, जो हाईटेक हो गया। तीन लाइन वाले इस स्टेशन पर चौथी लाइन भी बना दी गयी है। अधिकतम लंबाई वाले ट्रेन को खड़ा किया जा सके इसके लिए लाइन की दूरी भी बढ़ा दी गयी। इसके अलावा स्टेशन पर सिग्नल व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया। पहले से पैनल से संचालित होने वाले इस स्टेशन में अब एलसीडी लगाया जा रहा है। अब सिग्नल के लिए स्टेशन मास्टर को पैनल का बटन नहीं दबाना होगा। कुर्सी पर बैठे स्टेशन मास्टर माऊस किल्क क्लिक करेंगे और सिग्नल मिल जाएगा।

1985 के 18 वर्ष बाद फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड पर दौड़ी थी ट्रेन : कभी मार्टिन रेल द्वारा फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड पर संचालित होने वाली रेल सेवा तेज बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण वर्ष 1985 में बंद कर दी गयी थी। एनडीए की सरकार में रेलमंत्री बने नीतीश कुमार ने इसे चुनौती के रुप में स्वीकर किया और कड़ी मशक्कत के बाद आमान-परिवर्तन करके वर्ष 2003 के 22 जनवरी को इस रेलखंड पर ट्रेन दौड़ाकर लोगों की चिर-प्रतीक्षित मांग पूरी कर दी। तब नीतीश कुमार ने कहा था कि आने वाले दिन में इस रेलखंड का और विकास होगा। नटेसर से यह रेलखंड जुड़ेगा तो पड़ोसी राज्य झारखंड की दूरी कम हो जाएगी।

इस्लामपुर-नटेसर रेलखंड में कहां-कहां रुकेगी ट्रेनः इस्लामपुर-नटेसर रेलखंड में तीन हॉल्ट पर ट्रेन के ठहराव की बात अधिकारियों ने बतायी। खुदागंज, कटारी एवं हरसिंगरा में हॉल्ट बनाये गये हैं।